# WWW.ALLGOVTJOBSINDIA.IN

JOIN OUR FB GROUP - https://www.facebook.com/groups/1681307605496471/

**परीक्षा का नाम: आईएएस (प्री)**

**विषय: सामान्य अध्ययन (पेपर -1) General Studies (GS) Paper -1**

**साल Year: 2016**

**टेस्ट बुकलेट सीरीज: B**

**1. 'अटल पेंशन योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. यह एक न्यूनतम गारंटित पेंशन योजना है, जो मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्रा के मजदूरों को लक्ष्य बनाती है।
2. परिवार का केवल एक ही व्यक्ति इस योजना में शामिल हो सकता है
3. अभिदाता (सब्स्क्राइबर) की मृत्यु के पश्चात् जीवनसाथी को आजीवन पेंशन की समान राशि गारंटित रहती है।

नीच दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

1. केवल 1
2. कवेल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

**2. 'रीजनल काम्प्रिहेन्सिव इकानॉमिक पार्टनरशिप (Regional Comprehensive Economic, Partnership)' पद प्रायः समाचारों में देशों के एक समूह के मामलों के संदर्भ में आता है। देशों के उस समूह को क्या कहा जाता है?**

(a) G20

(b) ASEAN

(c) SCO

(d) SAARC

www.allgovtjobsindia.in

**3. निम्नलिखत में से किसमें आप उर्जा दक्षता ब्यूरों (Bereau of Energy Efficiency) का स्टार लेबल पाते हैं?**

1. छत के (सीलिंग) पंखे
2. विद्युत गीज़र

3. नलिकारूप प्रतिदीप्ति (टयूबुलर फ्लूओरेसेंट) लैंप

**नीचे रिए गए कूट का प्रयोग कर सही उतर चुनिए।**

1. केवल 1 और 2
2. केवल 3
3. केवल 2 और 3
4. 1, 2 और 3

**4. भारत 'अंतर्राष्ट्रीय ताप-नाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर (International Thermonuclear Experimental Reactor)' का एक महत्वपूर्ण सदस्य है। यदि यह प्रयोग सफल हो जाता है, तो भारत का तात्कालिक लाभ क्या है?**

1. यह विद्युत उत्पादन के लिए यूरेनियम की जगह थोरियम प्रयुक्त कर सकता है
2. यह उपग्रह मार्गनिर्देशन (सैटेलाइट नैविगेशन) में एक वैश्विक भूमिका प्राप्त कर सकता है
3. यह विद्युत उत्पादन में अपने विखंदन (फिशन) रिएक्टरों की दक्षता में तेजी से सुधार ला सकता है
4. यह विद्युत उत्पादन के लिए संलयन (फ्यूज़न) रिएक्टरों का निर्माण कर सकता है

www.allgovtjobsindia.in

**5. भारत के इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

**शब्द विवरण**

1. एरिपत्ति: भूमि, जिसमें मिलने वाला राजस्व अलग से ग्राम जलाशय के रख रखाव के लिए निर्धारित कर दिया जाता था
2. तनियूर : एक अकेले ब्राह्मण अथवा एक ब्राह्मण-समूह को दान में दिए गए ग्राम
3. घटिका : प्रायः मंदिरों के साथ संबंद्ध विद्यालय

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

1. 1 और 2
2. केवल 3
3. 2 और 3
4. 1 और 3

**6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन को 2015 के संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेन में प्रारंभ किया गया था।
2. इस गठबंधन में संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश सम्मिलित हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**7. समाचारों में कभी-कभी देखे जाने वाला 'यूरोपीय स्थिरता तंत्रा क्या है?**

1. मध्य-पूर्व से लाखों शरणार्थियों के आने के प्रभाव से निपटने के लिए EU द्वारा बनाई गई एक एजेंसी
2. EU की एक एजेंसी, जो यूरोक्षेत्रा (यूरोजोन) के देशों को वित्तिय सहायता उपलब्ध कराती है
3. सभी द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय व्यापार समझौते को सुलझाने के लिए EU की एक एजेंसी
4. सदस्य राष्ट्रों के बीच मतभेद सुलझाने के लिए की EU एक एजेंसी

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा/से ट्रप्स (ड्रिप) सिंचाई पद्धति के प्रयोग का/के लाभ है/हैं?**

1. खर-पतवार में कमी
2. मृदा लवणता में कमी
3. मृदा अपरदन में कमी

www.allgovtjobsindia.in

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1 और 2
2. केवल 3
3. केवल 1 और 3
4. उपर्युक्त में से कोई भी ड्रिप सिंचाई पद्धति का लाभ नहीं है।

**9. कभी-कभी समाचारों में दिखने वाले 'डिजिलॉकर के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. यह डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के अंतर्गत सरकार द्वारा दिया जाने वाला एक डिजिटल लॉकर सिस्टम है।
2. यह आपके ई-दस्तावेजों तक आपकी पहुंच को संभव बनाता है, चाहे भौतिक रूप से आपकी उपस्थिति कहीं भी हो।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयो कर सही उतर चुनिए**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**10. हाल ही में निम्नलिखित नदियों में से किनको जोड़ने का कार्य किया गया था?**

1. कावेरी और तुंगभद्रा
2. गोदावरी और कृष्णा
3. महानदी और सोन

4. नर्मदा और ताप्ती

**11. हमारे देश के शहरों में वायु गुणता सूचकांक का परिकलन करने में साधारणतया निम्नलिखित वायुमंडलीय गैसों में से किनको विचार में लिया जाता है?**

1. कार्बन डाइऑक्साइड
2. कार्बन मोनोक्साइड
3. नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
4. सल्फर डाइऑक्साइड
5. मेथैन

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1, 2 और 3
2. केवल 2, 3 और 4
3. केवल 1, 4 और 5
4. 1, 2, 3, 4 और 5

www.allgovtjobsindia.in

**12. भारत द्वारा प्रमोचित खगोलीय वेधशाला, 'ऐस्ट्रोसैट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. USA और रूस के अलावा केवल भारत एकमात्रा ऐसा देश है जिसने अंतरक्षि में उसी प्रकार की वेधशाला प्रमोचित की है
2. ऐस्ट्रोसैट 2000 किलोग्राम का एक उपग्रह है, जो पृथ्वी की सतह से उपर 1650 किलोमीटर पर एक कक्षा में स्थापित है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**13. मध्यकालीन भारत के आर्थिक इतिहास के संदर्भ में शब्द 'अरघट्टा' किसे निरूपित करता है?**

1. बंधुआ मजदूर
2. सैन्य अधिकारियों को दिए गए भूमि अनुदान
3. भूमि की सिंचाई के लिए प्रयुक्त जलचक्र (वाटर-व्हील)
4. कृषि भूमि में बदली गई बंजर भूमि

**14. भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में इतिवृत्तें, राजवंशीय इतिहासों तथा वीरगाथाओं को कंठस्थ करना निम्नलिखित में से किसा व्यवसाय था?**

1. श्रमण
2. परिव्राजक
3. अग्रहारिक
4. मागध

**15. हाल ही में, हमारे देश में पहली बार, निम्नलिखित राज्यों में से किसने एक विशेष तितली को 'राज्य तितली' के रूप में घोषित किया है?**

1. अरूणाचल प्रदेश
2. हिमाचल प्रदेश
3. कर्नाटक
4. महाराष्ट्र

www.allgovtjobsindia.in

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**ISRO द्वारा प्रमोचित मंगलयान**

1. को मार्स ऑर्बिटर मिशन भी का जाता है
2. ने भारत को, USA के बाद, मंगल के चारों ओर अंतरिक्ष यान को चक्रमण कराने वाला दूसरा देश बना यिा है
3. ने भारत को एकमात्रा ऐसा देश बना दिया है, जिसने अपने अंतरिक्ष यान को मंगल के चारों ओर चक्रमण कराने में पहली बार में ही सफलता प्राप्त कर ली।

**उपुर्यक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

**17. वर्ष 1907 मे सूरत में भारतीय राष्ट्रीय कांगे्रस के विभाजन का मूख्य कारण क्या था?**

1. लॉर्ड मिन्टों द्वारा भारतीय राजनीति में साम्प्रदायिकता का प्रवेश कराना।
2. अंग्रेजी सरकार के साथ नरमपंथियों की वार्ता करने की क्षमता के बारे में चरमपंथियों में विश्वास का अभाव
3. मुस्लिम लीग की स्थापना
4. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित हो सकने में अरविंद घोष की असमर्थता

**18. सर स्टैफर्ड क्रिप्स की योजना में यह परिकल्पना थी कि द्वितीय युद्ध के बाद**

1. भारत को पूर्ण स्वतंत्राता प्रदान की जानी चाहिए
2. स्वतंत्राता प्रदान करने से पहले भारत को दो भागों में विभाजित कर देना चाहिए
3. भारत को इस शर्त के साथ गणतंत्रा बना देना चाहिए कि वह राष्ट्रमंडल में शामिल होगा
4. भारत को डोमिनियम स्टेटस दे देना चाहिए

**19. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

**प्रसिद्व स्थान क्षेत्रा**

1. बोधगया : बघेलखण्ड
2. खजुराहो : बुन्देलखण्ड
3. शिरदी : विदर्भ
4. नासिक : मालवा
5. तिरूपति : रायलसीमा

www.allgovtjobsindia.in

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?**

1. 1, 2 और 4
2. 2, 3, 4 और 5
3. केवल 2 और 5
4. 1, 3, 4 और 5

**20. राष्ट्र हित में भारत की संसद राज्य सूची के किसी भी विषय पर विधिक शक्ति प्राप्त कर लेती है यदि इसके लिए एक संकल्प**

1. लोक सभ द्वारा अपनी सम्पूर्ण सदस्यता के साधारण बहुमत से पारित कर लिया जाए
2. लोक सभा द्वारा अपनी सम्पूर्ण सदस्य संख्या के कम-से-कम दो-तिहाई बहुमत से पारित कर लिया जाए
3. राज्य सभा द्वारा अपनी सम्पूर्ण सदस्यता के साधारण बहुमत से पारित कर लिया जाए
4. राज्य सभा द्वारा अपने उपस्थित एवं मत देने वाले सदस्यों के कम-से-कम दो-तिहाई बहुमत से पारित कर लिया जाए

**21. हाल ही में निम्नलिखित राज्यों में से किसने एक लम्बे नौसंचालन चैनल द्वारा समुद्र से जोड़े जाने के लिए एक कृत्रिम अंतर्देशीय बंदरगाह के निर्माण की संभावना का पता लगाया है?**

1. आंध्र प्रदेश
2. छत्तीसगढ़
3. कर्नाटक
4. राजस्थ्ज्ञान

**22. वर्ष 2015 में पेरिस में UNFCCC बैठक में हुए समझौते के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. इस समझौते पर UN के सभी दसस्य देशोंन ने हस्ताक्षर किए और यह वर्ष 2017 से लागू होगा।
2. यह समझौता ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन को सीमित करने का लक्ष्य रखता है जिससे इस नदी के अंत तक औसत वैश्विक तापमान की वृद्धि उद्योग-पूर्व स्तर (re-industrial) से 2° C या कोशिश् करें कि 15° C से भी अधिक न होने पाए।
3. विकसित देशों ने वैश्विक तापन में अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारी को स्वीकारा और जलवायु परिवर्तन का सामना करने के लिए विकासशील देशों की सहायता के लिए 2020 से प्रतिवर्ष 1000 अरब डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1 और 3
2. केवल 2
3. केवल 2 और 3
4. 1, 2 और 3

www.allgovtjobsindia.in

**23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. धारणीय विकास लक्ष्य (Sustainable Development Goals) पहली बार 1972 में एक वैश्विक विचार मंडल (थिंक टैंक) ने, जिसे ‘क्लब ऑफ़ रोम’ कहा जाता था, प्रस्तावित किया था।
2. धारणीय विकास लक्ष्य 2030 तक प्राप्त किए जाने हैं?

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**24. हाल ही में बना द मैन हू न्यू इनफिनिट (The Man Who Knew Infinity) शीर्षक वाला चलचित्रा किसके जीवनचरित पर आधारित है?**

1. एस. रामानजुम
2. एस. चंद्रशेखर
3. एस. एन. बोस
4. सी. वी. रमन

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. किसी भी व्यक्ति के लिए पंचायत का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम निर्धारित आयु 25 वर्ष है।
2. पंचायत के समयपूर्व भंग होने के पश्चात् पुनर्गठित पंचायत केवल अवशिष्ट समय के लिए ही जारी रहती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

www.allgovtjobsindia.in

**26. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. लोक सभा में लम्बित कोई विधेयक उसके सत्रावसान पर व्यपतग (लैप्स) हो जाता है।
2. राज्य सभा में लम्बित कोई विधेयक, जिसे लोक सभा ने पारित नहीं कियाहै, लोक सभा के विघटन पर व्यपगत नही होगा।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**27. निम्नलिखित में से कौन-सा/से वह/वे सूचक है/हैं, जिसका/जिनका IFPRI द्वारा वैश्विक भुखमरी सूचकांक (ग्लोबल हंगर इंडेक्स) रिपोर्ट बनाने में उपयोग किया गया है।**

1. अल्प-पोषण
2. शिशु-वृद्धिरोधन
3. शिशु मृत्यु-दर

**निची दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2 और 3
3. 1, 2 और 3
4. केवल 1 और 3

**28. साल दर-साल लगातार घाटे का बजट रहा है। घाटे को कम करने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी कार्रवाई/कार्रवाईयां की जा सकती है/है?**

1. राजस्व व्यय को घटाना
2. नीवन कल्याणकारी योजनाओं को प्रारम्भ करना
3. सहाकियी (सब्सिडी) को युक्तिसंगत बनाना
4. आयात-शुल्क को कम करना

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2, 3 और 4

www.allgovtjobsindia.in

**29. भारत में वित्ती समावेशन को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से 'भुगतान बैंकों (पेमेंट बैंक्स)' की स्थापना की जा रही है। इस दृष्टि से निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. जिन मोबाइल टेलीफोन कंपनियों और सुपर-बाजार श्रृंखलाओं का स्वामित्व एवं नियंत्राण भारतीय व्यक्तियों के पास है, वे भुगतान बैंकों के प्रवर्तक होने के योग्य हैं।
2. भुगतान बैंक क्रेडिट कार्ड एवं डेबिट कार्ड दोनों जारी कर सकते हैं।
3. भुगतान बैंक ऋण देने के कार्यकलाप नहीं कर सकते हैं।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही कार्यकलाप नहीं कर सकते हैं।**

1. केवल 1 और 2
2. केवल 1 और 3
3. केवल 2
4. 1, 2 और 3

**30. हाल ही में समाचारों में आने वाले 'LiFi' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. यह उच्च गति डेटा संचरण के लिए प्रकाश को माध्यम के रूप में प्रयुक्त करता है।
2. यह एक बेतार प्रौद्योगिकी है और 'WiFi' से कई गुना तीव्रतर है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**31. 'अभीष्ट राष्ट्रीय निर्धारित अंशदान (IntendedNationally Determined Contributions) पद को कभी-कभी समाचारों में किस संदर्भ में रेखा जाता है?**

1. युद्ध-प्रभावित मध्य-पूर्व के शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए यूरोपीय देशों द्वारा दिए गए वचन
2. जलवायु परिवर्तन का सामन करने के लिए विश्व के देशों द्वारा बनाई गई कार्य-योजना
3. एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक) की स्थापना करने के सदस्य राष्ट्रों द्वारा किया गया पूंजी योगदान
4. धारणीय विकास लक्ष्यों के बारे में विश्व के देशों द्वारा बनाई गई कार्य-योजना

**32. निम्नलिखित में से कौन-सा, सरकार की योजना UDAY' का एक प्रयोजन है?**

1. उर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के क्षेत्रा में नव-प्रयासी (स्टार्ट-अप) उद्यमियों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करना
2. 2018 तक देश में हर घर में बिजली उपलब्ध कराना
3. एक समयावधि के अंदर कोयला-आधारित शक्ति संयंत्रों के स्थान पर प्राकृतिक गैस, नाभिकीय, सौर, वायु एवं ज्वारीय शक्ति संयंत्रा स्थापित करना
4. विद्युत वितरण कंपनियों के वित्तीय कायापलट और पुनरूत्थान का प्रबंध करना

www.allgovtjobsindia.in

**33. कभी-कभी समाचारों में दिखने वाले 'आइ. एफ. सी. मसाला बॉन्ड (IFC Masals Bonds)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (इंरनैशनल फाइनेंस कॉपरेशन), जो इन बॉन्डों को प्रस्तावित करता है, विश्व बैंक की एक शाखा है।
2. ये रूपया अंकित मूल्य वाले बॉन्ड (rupee-denominated bonds) हैं और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्राक के ऋण वित्तीयन के स्रोत हैं।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**34. विजयनगर के शासक कृष्णदेव की कराधान व्यवस्था से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

1. भूमि की गुणवता के आधार पर भू-राजस्व की दर नियत होती थी।

2. कारखानों के निजी स्वामी एक औद्योगिक कर देते थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**35. प्राचीन भारत की निम्नलिखित पुस्तकों में से किस एक में शुंग राजवंश के संस्थापक के पुत्रा की प्रेम कहानी है?**

1. स्वप्नवासवदत्ता
2. मालविकाग्निमित्रा
3. मेघदूत
4. रत्नावली

**36. निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में कभी-कभी समाचारों में 'ऐम्बर बॉक्स, ब्लू बॉक्स और ग्रीन बॉक्स' शब्द देखने को मिलती हैं?**

1. WTO  मामला
2. SAARC मामला
3. UNFCCC मामला
4. FTA  पर भारत EU वार्ता

www.allgovtjobsindia.in

**37. निम्नलिखित में से किसको/किनको भारत सरकार के पूंजी बजट मंे शामिल किया जाता है?**

1. सड़कों, इमारतों, मशीनरी आद जैसी परिसंपतियों के अधिग्रहण पर व्यय

2. विदेशी सरकारों के प्राप्त ऋण

3. राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों को अनुदत ऋण और अग्रिम

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

**38. 'मरूस्थलीकरण को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र अभिसमय ;न्दपजमक छंजपवदे ब्वदअमदजपवद जव ब्वउइंज क्मेमतजपपिबंजपवदद्धश् का/के महत्व है/हैं?**

1. इसका उद्देश्य नवप्रवर्तनकारी राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं समर्थक अंतर्राष्ट्रीय भागीदारियों को माध्यम से प्रभावकारी कार्रवाई को प्रोत्साहित करना है।

2. यह विशेष/विशिष्ट रूप से दक्षिणी एशिया एवं उतरी अफ्रीका के क्षेत्रों पर केंद्रित होता है तथा इसका सचिवालय इन क्षेत्रों को वित्तीय संसाधनों के बड़े हिस्से का नियतन सुलभ कराता है।

3. यह मरूस्थलीकरण को रोकने में स्थानीय लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु उध्र्वगामी उपागम (बॉटम-अप अप्रोच) के लिए प्रतिबद्ध है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

**39. हाल ही में IMF के SDR बास्कोट में निम्नलिखित में से किस मुद्रा को जोड़ने का प्रस्ताव दिया गया है?**

1. रूबल
2. रैंड
3. भारतीय रूपया
4. रेनमिनबी

www.allgovtjobsindia.in

**40. एक राष्ट्री मुहिम 'राष्ट्रीय गरिमा अभियान' चलाई गई है**

1. आवासहीन और निराश्रित लोगों के पुनर्वासन और उन्हें उपयुक्त जीविकोपार्जन के स्रोत प्रदान करने के लिए
2. यौन-कर्मियों (सेक्स वर्कर्स) को उनके पेशे से मुक्त कराने और उन्हें जीविकोपार्जन के वैकल्पिक स्रोत प्रदान करने के लिए
3. मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करने और मैला ढोने वाले कर्मियों के पुनर्वासन के लिए
4. बंधुआ मजदूरों का उनके बंधन से मुक्त कराने और उनके पुनर्वासन के लिए

**42. मध्यकालिन भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

1. तमिल क्षेत्रा के सिद्ध (सित्तर) एकेश्वरवादी थे तथा मूर्तिपूजा की निंदा करते थे।

2. कन्नड़ क्षेत्रा के लिंगायत पुनर्जन्म के सिद्धांत पर प्रश्न चिन्ह लगाते थे तथा जाति अधिक्रम को अस्वीकार करते थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**43. निम्नलिखित में से कौन-सा, कभी-कभी समाचारों में दिखने वाले पद 'आयात आवरण (इम्पोर्ट कवर)' का सर्वोतम वर्णन् करता है?**

1. यह किसी देश के आयात मूल्य एवं सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात को बताता है
2. यह किसी देश के एक वर्ष में आयात के कुल मूल्य को बताता है
3. यह दो देशों के बीच निर्यात एंव आयात के मूल्यों के अनुपात को बताता है।
4. यह उन महीनों की संख्या को बताता है जितने महीनों के आयात का भुगतान देश के अंतर्राष्ट्रीय रिजर्व द्वारा किया जा सकता है।

**44. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

**सामाचारों में कभी- किसके मामले में कभी उल्लिखित समुदाय**

1. कुर्द : बांग्लादेश

2. मधेसी : नेपाल

3. रोहिंग्या : म्यांमार

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

1. 1 और 2
2. केवल 2
3. 2 और 3
4. केवल 3

www.allgovtjobsindia.in

**45. 'रासायनिक आयुध निषेध संगठन [Organisation for the Prohibition of Chemical Weapons (OPCW)] के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह यूरोपीय संघ का एक संगठन है जिसका NATO तथा WHO से कार्यकारी संबंध है।

2. यह नए शस्त्रों से प्रादुर्भाव को रोकने के लिए रासायनिक उद्योग का अनुवीक्षण करता है।

3. यह राज्यों (पार्टियों) को रसायनिक आयुध के खतरे के विरूद्ध सहायता एवं संरक्षण प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों मंे से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

**46. भारत के निम्नलिखित क्षेत्रों में से 'ग्रेट इंडियन हॉर्नबिल' के अपने प्राकृतित आवास में पाए जाने की सबसे अधिक सम्भावना कहाॅ है?**

1. उत्तर-पश्चिमी भारत के रेतीले मरूस्थल
2. जम्मू-कश्मीर के उच्चतर हिमालय क्षेत्रा
3. पश्चिमी गुजरात के लवण कच्छ क्षेत्रा
4. पश्चिमी घाट

**48. निम्नलिखित में से कौन-सी, 'राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण [National Ganga River Basin Authority (NGRBA)]' की प्रमुा विशेषताएं हैं?**

1. नदी बेसिन, योजना एवं प्रबंधन की इकाई है।

2. यह राष्ट्रीय स्तर पर नदी संरक्षण प्रयासों की अगुवाई करता है।

3. NGRBA का अध्यक्ष चक्रानुक्रमिक आधार पर उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों में से एक होता है, जिनसे होकर गंगा बहती है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

www.allgovtjobsindia.in

**49. भारत सरकार कृषि मं 'नीम-आलेपित यूरिया (Neem-coated Urea) के उपयोग को क्यो प्रोत्साहित करती है?**

1. मृदा के नीम तेल के निर्मुक्रत होने से मृदा सूक्ष्मजीवों द्वारा नाइट्रोजन यौगिकीकरण बढ़ता है
2. नीम लेप, मृदा में यूरिया के घुलने की दर को धीमा कर देता है
3. नाइट्रस ऑक्साइड, जो कि एक ग्रीनहाउस गैस है, फसल वाले खेतों से वायुमंडल में बिलकुल भी विमुक्त नहीं होती है
4. विशेष फसलों के लिए एक अपतृणनाशी (वीडिसाइड) और एक उर्वरक का संयोजन है।

**50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. किसी राज्य में मुख्य सचिव को उस राज्य के राज्यपाल द्वार नियुक्त किया जाता है

2. राज्य में मुख्य सचिव का नियत कार्यकाल होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. केवल 1

2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**51. 'स्टैंड अप इंडिया स्कीम (Stand Up India Scheme)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. इसका प्रयोजन SC/ST एवं महिला उद्यमियों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है।

2. यह SIDBI के माध्यम से पुनर्वितत का प्रावधान करता है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

www.allgovtjobsindia.in

**52. FAO पारम्परिक कृषि प्रणालियों को 'सार्वभौमिक रूप से महत्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली [Globally Important System (GIAHS)]' की हैसियत प्रदान करता है। इस पहल का संपूर्ण लक्ष्य क्या है?**

1. अभिनिर्धारित GIAHS के स्थानीय समुदायों को आधुनिक प्रौद्योगिकी, आधुनिक कृषि प्रणाली का प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता प्रदान करना जिससे उनकी कृषि उत्पादकता अत्यधिक बढ़ जाए।

2. पारितंत्रा-अनुकूली परम्परागत कृषि पद्धतियां और उनसे संबंधित परिदृश्य (लैंडस्केप), कृषि जैव विविधता और स्थानीय समुदायों के ज्ञानतंत्रा का अभिनिर्धारण एवं संरक्षण करना

3. इस प्रकार अभिनिर्धारित ळप्।भ्ै के सभी भिन्न-भिन्न कृषि उत्पादों को भौगोलिक सूचक (जिओग्राफिकल इंडिकेशन) की हैसियत प्रदान करना

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1 और 3
2. केवल 2
3. केवल 2 और 3
4. 1, 2 और 3

**53. निम्नलिखित में से कौन-सी, ब्रहमपुत्रा की सहायक नदी है/नदियां हैं?**

1. दिबांग

2. कमेंग

3. लोहित

**नीचे दिए गए कूट का प्रयाग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

**54. 'कोर बैंकिंग समाधान (Core Banking Solutions)' पद कभी-कभी समाचारों में देखा जाता है। निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से इस पद का सही वर्णन करता है/करते हैं?**

1. यह बैंक की शाखाओं का वह तंत्रा है जो उपभोक्ताओं को अपने खातों का संचालन बैंक की किसी भी शाखा से कर सकने की सुविधा देता है चाहे उन्होंने अपना खाता कही भी खोल रख हो।

2. यह व्यावसायिक बैंकों पर कम्म्पयूटरीकरण के माध्यम से RBI का बढ़ाने का एक प्रयास है

3. यह एक विस्तृत प्रक्रिया है जिसके द्वारा विशाल अनर्जक (नॉन-परफॉर्मिंग) परिसम्पति वाले बैंक का अधिग्रहण दूसरे बैंक द्वारा कर लिया जाता है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

www.allgovtjobsindia.in

**55. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:**

**कभी-कभी समाचारों उनका मूल स्रोत में देखे जाने वाले शब्द**

1. एनेक्स-I देश : कार्टाजेना प्रोटोकॉल

2. प्रमाणित उत्सर्जन कटौतियां (सर्टिफाइड एमिशंस रिडक्शंस) : नागोया प्रोटोकॉल

3. स्वच्छ विकास क्रियाविधि (क्लीन डेवलपमेंट मेकेनिज्म): क्योटो प्रोटोकॉल

**उपयुक्त में से कॉन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2 और 3
3. केवल 3
4. 1, 2 और 3

**56. जैव सूचना-विज्ञान (बायोइंफॉर्मेटिक्स) में घटनाक्रमों/ गतिविध के संदर्भ में समाचारों में कभी-कभी दिखने वाला पद 'ट्रॉसक्रिप्टोप' किसे निदिष्ट करता है?**

1. जीनोम संपादन में प्रयुक्त एंजाइमों की एक श्रेणी
2. किसी जैव द्वारा अभिव्यक्त mRNA अणुओं की पूर्ण श्रृंखला
3. जीन अभिव्यक्ति की क्रियाविधि का वर्णन
4. कोशिकाओं में होने वाले आनुवंशिक उत्परिवर्तनों की एक क्रियाविधि

**57. भारत सरकार द्वारा चलाया गया 'मिशन इंद्रधनुष' किससे संबंधित है?**

1. बच्चों और गर्भवतति महिलाओं का पतिरक्षण
2. पूरे देश में स्मार्ट सिटि का निर्माण
3. बाहरी अंतरिक्ष में पृथ्वी-सदृश के लिए भारत की स्वयं की खोज
4. नई शिक्षा-नीति

www.allgovtjobsindia.in

**58. निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारत सरकार के 'हरित भारत मिशन' के उद्देश्य को सर्वोतम रूप से वर्णित करता है/हैं?**

1. पर्यावरणीय लाभों एवं लागतों को केंद्र एवं राज्य के बजट में सम्मिलित करते हुए तददवारा 'हरित लेखाकरण (ग्रीन अकाउंटिंग)' को अमल में लाना

2. कृषि उत्पाद के संवर्धन हेतु द्वितीय हरित क्रांति आरम्भ करना जिससे भविष्य में सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हो

3. वन आच्छादन की पुनप्राप्ति और संवर्धन करना तथा अनुकूलन एवं न्यनीकरण के संयुक्त उपायों से जलवायु परिवर्तन का प्रत्युतर देना

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उतर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2 और 3
3. केवल 3
4. 1, 2 और 3

**59. भारत में, पूर्व-संवष्टित वस्तुओं के संदर्भ में खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम, 2011 के अनुसार किसी निर्माता को मुख्य लेबल पर निम्नलिखित में से कौन-सी सूचना अंकित करना अनिवार्य है?**

1. संघटकों की सूची, जिसमें संयोजी शामिल हैं

2. पोषण-विषयक सूचना।

3. चिकित्सा व्यवसाय द्वारा दी गई किसी एलर्जी प्रतिक्रिया की संभावना के संदर्भ में संस्तुतियाँ यदि कोई हैं

4. शाकाहारी/मांसाहारी

**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. 1, 2 और 3
2. 2, 3 और 4
3. 1, 2 और 4
4. केवल 1 और 4

www.allgovtjobsindia.in

**60. कभी-कभी समाचारों में दिखने वाला 'प्रोजेक्ट लून' संबंधित है।**

1. अपशिष्ट-प्रबंधन प्रौद्योगिकी से
2. बेतार-संचार प्रौद्योगिकी से
3. सौर उर्जा उत्पादन प्रौद्योगिकी से
4. जल-संरक्षण प्रौद्योगिकी से

**61. कभी-कभी समाचारों में 'नेट मीटरिंग' निम्नलिखित में से किसकों प्रोत्साहित करने के संदर्भ में देखा जाता है?**

1. परिवारों/उपभोक्ताओं द्वारा सौर उर्जा का उत्पादन और उपयोग
2. घरों के रसोइघरों में पाइप्ड नैचरल गैसा का उपयोग
3. मोटरगाड़िया में CNG किट लगवाना
4. शहरी घरों में पानी के मीटर लगवाना

**62. 'व्यापार करने की सुविधा का सूचकांक' में भारत की रैंकिंग समाचार-पत्रों में कभी-कभी दिखती है। निम्नलिखित में से किसने इस रैकिंग की घोषण की है?**

1. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन
2. विश्व आर्थिक मंच
3. विश्व बैंक
4. विश्व व्यापार संगठन (WTO)

**63. भारतीय इतिहास के मध्यकाल में बंजारे सामान्यतः कौन थे?**

1. कृषक
2. योद्धा
3. बुनकर
4. व्यापारी

**64. सम्राट अशोक के राजादेशों का सबसे पहले विकूटन किसने किया था?**

1. जार्ज बुह्रर
2. जेम्स प्रिंसेप
3. मैक्स मुलर
4. विलियम जोन्स

**65. 'ग्राम न्यायालय अधिनियम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. इस अधिनियम के अनुसार ग्राम न्यायालय केवल सिविल मामलों की सुनवाई कर सकता है आपराधिक मामलों की नहीं।

2. यह अधिनियम स्थानीय सामाजिक सक्रियतावादियों को मध्यस्थ/सुलहकर्ता के रूप में स्वीकार करता है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

www.allgovtjobsindia.in

**66. 'ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह चीन और रूस को छोड़कर प्रशांत महासागर तटीय सभी देशों के मध्य एक समझौता है।

2. यह केवल तटवर्ती सुरक्षा के प्रयोजन से किया गया सामरिक गठबंधन है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**67. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

**भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन (इंडिया-अफ्रीका सम्मिट)**

1. जो 2015 में हुआ, तीसरा सम्मेलन था

2. की शुरूआत वास्तव में 1951 में जवाहरलाल नेहरू द्वारा की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**68. RBI द्वारा घोषित 'कोषों की सीमांत लागत पर आधारित उधारी दर [Marginal Cost of Funds based Lending Rate (CMLR)]] का/के उद्देश्य क्या है/हैं?**

1. ये दिशानिर्देश उधारों की ब्याज दरें निर्धारित करने हेतु बैंकों द्वारा अपनाई गई विधि मंे पारदर्शिता बढ़ाने में मदद करते हैं।

2. ये दिशानिर्देश बैंक शाखा की उपलब्धता ऐसी ब्याज दरों पर सुनिश्चि करने में मदद करते हैं जो ऋण लेने वाले एवं बैंक के लिए न्यायसंगत हैं।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनो
4. न तो 1, न ही 2

www.allgovtjobsindia.in

**69. भारत में पाई जाने वाली नस्ल, 'खाराई उॅंट' के बारे में अनूठा क्या है/हैं?**

1. यह समुद्र तल में तीन किलोमीटर तक तैरने में सक्षम है

2. यह मैन्ग्रोव की चराई पर जीता है।

3. यह जंगली होता है और पालतू नहीं बनाया जा सकता है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

1. केवल 1 और 2
2. केवल 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

**70. हाल ही में हमारे वैज्ञानिकों ने केले के पौधे की एक नई और भिन्न जाति की खोज की है जिसकी उचाई लगभग 11 मीटर तक जाती है और उसके फल का गूदा नारंगी रंग का है। यह भारत के किस भाग में खोजी गई है?**

1. अंदमान द्वीप
2. अन्नमलई वन
3. मैकल पहाड़ियां
4. पूर्वोतर उष्णकटिबंधीय वर्षावन

**71. 'INS अस्त्राधारिणी' का, जिसका हाल ही में समाचारों में उल्लेख हुआ था, निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वोतम वर्णन है?**

1. उभयचर युद्धपोत
2. नाभिकीय शक्ति-चालित पनडुब्बी
3. टॉरपीडो प्रमोचन और पुनप्राप्ति जलयान
4. नाभिकीय शक्ति-चालित विमान वाहक

**72. 'ग्रीज्ड लाइट्रनिंग-10 (GL-10)' जिसका हाल ही में समाचारों में उल्लेख हुआ, क्या है?**

1. NSG द्वारा परीक्षित विद्युत विमान
2. जापान द्वारा डिजाइन किया गया और शक्ति से चलने वाला दो सीटों वाला विमान
3. चीन द्वारा लॉच की गई अंतरिक्ष वेधशाला
4. ISRO द्वारा डिजाइन किया गया पुनरोपयोगी रॉकेट

www.allgovtjobsindia.in

**73. 'गहन कदन्न संवर्धन के माध्यम से पोषण सुरक्षा हेतु पहल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. इस पहल का उद्देश्य उन्नत उत्पादन और कटाई-उपरांत प्रौद्योगिकियों को निदर्शित करना है, एवं समूह उपागम (क्लस्टर अप्रोच) के साथ एकीकृत रीति से मूल्य वर्धन तकनीकों को निदर्शित करना है

2. इस योजना में निर्धन, लघु, सीमांत एवं जनजातीय किसानों की बड़ी हितधारिता है

3. इस योजना का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य वाणिज्यिक फसलों के किसानों को, पोषकों के अत्यावश्यक निवेशों के और लघु सिचाई उपकरणों के निःशुल्क किट प्रदान कर, कदन्न की खेती की और प्रोत्साहित करना है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उतर चुनिए।**

1. केवल 1
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 2
4. 1, 2 और 3

**74. 'स्वदेशी' और 'बहिष्कार' पहली बार किस घटना के दौनान संघर्ष की विधि के रूप में अपनाए गए थे?**

1. बंगाल विभाजन के विरूद्ध आंदोलन
2. होम रूल आंदोलन
3. अहसयोग आंदोलन
4. साइमन कमीशन की भारत यात्रा

**75. भारत के धार्मिक इतिहास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः**

1. बोधिसत्व, बौद्धमत के हीनयान सम्प्रदाय की केंद्रीय संकल्पना है।

2. बोधिसत्व अपने प्रबोध के मार्ग पर बढ़ता हुआ करूणामय है।

3. बोधिसत्व समस्त सचेतन प्राणियों को उनके प्रबोध के मार्ग पर चलने में सहायता करने के लिए स्वचं की निर्वाण प्राप्ति विलम्बित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं।**

1. केवल 1
2. केवल 2 और 3
3. केवल 2
4. 1, 2 और 3

www.allgovtjobsindia.in

**76. Doctors Without Borders (Medecins Sans Frontieres)' जो प्रायः समाचारों में आया है,**

a. विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक प्रभाग

b. एक गैर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन

c. यूरोपीय संघ द्वारा प्रायोजित एक अंतःसरकारी एजेंसी

d. संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी

**77. 'पारितंत्रा एवं जैव विविधता का अर्थतंत्रा [The Economcis of Ecosystems and Biodiversity (TEEB)]' नामक पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. यह एक पहल है, जिसकी मेजबानी न्छम्च्ए प्ड्थ् एवं विश्व आर्थिक मंच ;ॅवतसक म्बवदवउपब थ्वतनउद्ध करते हैं।

2. यह एक विश्वव्यापी पहल है, जो जैव विविधता के आर्थिक लाभों के प्रति ध्यान आकर्षित करने पर केंद्रित है।

3. एक ऐसा उपागम प्रस्तुत करता है, जो पारितंत्रों और जैव विविधता के मूल्य की पहचान, निदर्शन और अभिग्रहण में निर्णयकर्ताओं की सहायता कर सकता है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

a. केवल 1 और 2

b. केवल 3

c. केवल 2 और 3

d. 1, 2 और 3

**78. समाचारों में कभी-कभी दिखाई देने वालो 'रेड सैंडर्स' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।**

1. यह दक्षिण भारत के एक भाग में पाई जाने वाली एक वृक्ष जाती है।

2. यह दक्षिण भारत में उष्णकटिबंधीय वर्षावन क्षेत्रों के अति महत्वपूर्ण में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

a. केवल 1

b. केवल 2

c.1 और 2 दोनों

d. न तो 1, न ही 2

www.allgovtjobsindia.in

**79. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

UN-REDD+ प्रोग्राम की समुचित अभिकल्पना और प्रभावी कार्यान्वयन महत्वपूर्ण रूप से योगदान दे सकते हैं

1. जैव विविधता का संरक्षण करने मं

2. वन्य पारिस्थितिकी की समुत्थानशीलता में

3. गरीबी कम करने मं

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

a.  केवल 1 और 2

b. केवल 3

c. केवल 2 और 3

d. 2, 2 और 3

**80. 'ग्रीन हाउस गैस प्रोटोकॉल (Greenshouse Gas Protocol)' क्या है**

a. यह सरकार एवं व्यवसाय के नेतृत्व देने वाले व्यक्तियों के लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को समझने, परिमाण निर्धारित करने एवं प्रबंधन हेतु एक अंतर्राष्ट्रीय लेखाकरण साधन है।

b. यह ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और पारितंत्रा अनुकूली प्रौद्योगिकियो कों अपनाने हेतु विकासशील देशों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने की संयुक्त राष्ट्र की एक पहल है।

c. यह वर्ष 2022 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को एक विनिर्दिष्ट स्तर तक कम करने हेतु संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों द्वारा अनुसमर्थित एक अंतःसरकारी समझौता है।

d. यह विश्व बैंक द्वारा पोषित बहुपक्षीय REDD+ पहलों में से एक है।

**81. 'वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद् (Financial Stability and Development Council) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह नीति आयोग का एक अंग है

2. संघ का वित्त मंत्री इसका प्रमुख होता है।

3. यह अर्थव्यवस्था के समष्टि सविवेक (मेक्रो-प्रूडेंशियल) पर्यवेक्षण का अनुवीक्षण (मॉनिटरिंग) करता है।

**उपयुक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

a. केवल 1 और 2

b. केवल 3

c. केवल 2 और 3

d. 1, 2 और 3

www.allgovtjobsindia.in

**82. समाचारों में कभी-कभी दिखने वाले 'एजेंडा 21' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह धारणीय विकास के लिए एक वैश्विक कार्य-योजना है

2. 2002 में जोहानसवर्ग में हुए धारणीय विकास पर विश्व शिखर सम्मेलन में इसकी उत्पति हुइ।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1, न ही 2

**83. सत्य शोधक समाज में संगठित किया।**

a. बिहार में आदिवासियों के उन्नयन का एक आंदोलन

b. गुजरात में मंदिर-प्रवेश का एक आंदोलन

c. महाराष्ट्र में एक जाति-विरोधी आंदोलन

d. पंजाब में एक विकास आंदोलन

**84. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**विषाणु संक्रमित कर सकते हैं**

1. जीवाणुओं को

2. कवकों को

3. पादपों को

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

a. केवल 1 और 2

b. केवल 3

c. केवल 1 और 3

d. 1, 2 और 3

**85. सामाचारों में कभी-कभी देखे जाने वाले 'आधार क्षय एवं लाभ स्थानान्तरण' पद का क्या संदर्भ है?**

a. संसाधन-संपन्न किन्तु पिछड़े क्षेत्रों में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा खनन कार्य

b. बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा किय जाने वाले कर-अपवचन पर प्रतिबंध लगाना।

c. ध बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किसी राष्ट्र के आनुवंशिक संसाधनों का दोहन

d. विकास परियोजनओं की योजना एवं कार्यन्वयन में पयावरणनीय लागतों के विचारों का अभाव

www.allgovtjobsindia.in

**86. हाल ही मंे भारत में प्रथम 'राष्ट्रीय निवेश और विनिर्माण क्षेत्रा का गठन कहां किए जाने के लिए प्रस्ताव दिया गया था?**

a. आंध्र प्रदेश

b. ध गुजरात

c. महाराष्ट्र

d.  उत्तर प्रदेश

**87. भारत में 'जिला खनिज प्रतिष्ठाान का/के उद्देश्य क्या है/हैं?**

1. खनिज-सम्पन्न जिलों में खनिज-खोज संबंधी क्रियाकलापों को प्रोत्साहित करना

2. खनिज-कार्य से प्रभावित लोगों के हितों की रक्षा करना

3. राज्य सरकारों को खनिज-खोज के लिए लाइसेंस निर्गत करने के लिए अधिकृत करना

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

a. केवल 1 और 2

b.  केवल 2

c.  केवल 1 और 3

d.  1, 2 और 3

**88. भारत सरकार की एक पहल SWAYAM का लक्ष्य क्या है?**

a.  ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं-सहायता समूहों को प्रोत्साहित करना

b.  युवा नव-प्रवासी उद्यमियों को वितीय तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराना

c. किशोरियों की शिक्षा एवं उनके स्वास्थ्य का संवर्धन करना

d. नागरिकों को वहन करने योग्य एवं गुणवता वाली शिक्षा निःशुलक उपलब्ध कराना

www.allgovtjobsindia.in

**89. मॉन्टेग्यू-चेम्सफोर्ड प्रस्ताव किससे संबंधित थे?**

a. सामाजिक सुधार

b. शैक्षिक सुधार

c.  पुलिस प्रशासन मंे सुधार

d. सांविधानिक सुधार

**90. अजंता और महाबलीपुरम के रूप में ज्ञात दो ऐतिहासिक स्थानों में कौन-सी बात/बातें समान है/हैं?**

1. दोनों एक ही समयकाल में निर्मित हुए थे।

2. दोनें का एक ही धार्मिक सम्प्रदाय से संबंध है।

3. दोनों में शिलाकृत स्मारक है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

a. केवल 1 और 2

b. केवल 3

c.  केवल 1 और 3

d. उपर्युक्त कथनों में से कोई नहीं

**91. कभी-कभी सामाचारों में आने वाली 'बिटकॉइन्स' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. बिटकॉइन्स की खोज-खबर देशों के केंद्रीय बैंको द्वारा रखी जाती है।

2. बिटकाईन्स के पते वाला कोई भी व्यक्ति बिटकाईन्स के पते वाले किसी अन्य व्यक्ति को बिटकाईन्स भेज सकता है या उससे प्राप्त कर सकता है।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

a. केवल 1 और 2

b. केवल 2 और 3

c. केवल 3

d. 1, 2 और 3

www.allgovtjobsindia.in

**92. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. न्यू डेवलपमेंट बैंक की स्थापना एन. पी. ई. सी द्वारा की गई है।

2. न्यू डेवलपमेंट बैंक का मुख्यालय शंघाई में हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1, न ही 2

**93. कभी-कभी सामाचारों में आने वाली 'गाडमिल समिति रिपोर्ट' और 'कस्तरीरंगन समिति रिपोर्ट' संबंधित हैं**

a. सांविधानिक सुधारों से

b. गंगा कार्य-योजना

c. ध नदियों को जोड़ने से

d. ध पश्चिमी घाटों के संरक्षण से

**94. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**

1. कलकता यूनिटेरियन कमिटि

2. टेबरनेकल ऑफ न्यू डिस्पेंसेशन

3. इंडियन रिफार्म असोसिएशन

**केशव चन्द्र सेन का संबंध उपर्युक्त में से किसकी किनकी स्थापना से है?**

a. केवल 1 और 2

b. केवल 2 और 3

c.  केवल 3

d. 1, 2 और 3

**95. निम्नलिखित में से कौन खाड़ी सहयोग परिषद् (गल्फ कोऑपरेशन काउन्सिल), का सदस्य नहीं है?**

a. ईरान

b. सउदी अरब

c. ओमान

d.  कुवैत

**96. सरकार की 'सम्प्रभु स्वर्ण योजना' एवं 'स्वर्ण मुद्रीकरण योजना' का/के उद्देश्य क्या है/हैं?**

1. भारतीय गृहस्थों के पास निष्क्रिय पड़े स्वर्ण को अर्थव्यवस्था में लाना

2. स्वर्ण एवं आभूषण के क्षेत्रा में एफ. डी. आई. को प्रोत्साहित करना

3. स्वर्ण-आयात पर भारत की निर्भरता में कमी लाना

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

a. केवल 1

b. केवल 2 और 3

c.  केवल 1 और 3

d. 1, 2 और 3

**97. कभी-कभी समाचारों में आने वाले 'वेल्ट ऐन्ड रोड इनिशिएटिव' किसके मामलों के संदर्भ में आता है?**

a. अफ्रीकी संघ

b. ब्राजील

c. यूरोपीय संघ

d. चीन

**98. प्रधानमंत्राी MUDRA योजना का लक्ष्य क्या है?**

a. लघु उद्यमियों की औपचारिक वित्ती प्रणाली मंे लाना

b. निर्धन कृषकों को विशेष फसलों की कृषि के लिए ऋण उपलब्ध कराना

c. वृद्ध एवं निस्सहाय लोगों को पेंशन देना

d. कौशल विकास एवं रोजगार सृजन में लगे स्वयंसेवी संगठनों का निधीयन करना

**99. भारत के निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसमें/किनमें शेल गैस के संसाधन पाए जाते है?**

1. कैम्बे बेसिन

2. कावेरी बेसिन

3. कृष्णा-गोदावरी बेसिन

www.allgovtjobsindia.in

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

a. केवल 1 और 2

b. केवल 3

c. केवल 2 और 3

d. 1, 2 और 3

**100. 'वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट' किसके द्वारा तैयार की जाती है?**

a. यूरोपीय केंद्रीत बैंक

b. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

c. अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक

d. आर्थिक सहयोग तथा विकास संगठन (Organisation for Economic Cooperation and Development

WWW.ALLGOVTJOBSINDIA.IN

JOIN OUR FB GROUP - https://www.facebook.com/groups/1681307605496471/